गर्मी से बचें

उल्टी-दस्त और वायरल फीवर के मामलों में वृद्धि

# 37 डिग्री पहुंचा पारा, अस्पतालों में बढ़े मरीज

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट जिले में शुक्रवार को तापमान 37 डिग्री सेल्सियस दर्ज होने के साथ ही तेज गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ गया है। चिलचिलाती धूप और मौसम में आए इस बदलाव के कारण जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है।

जिले में दिन और रात के तापमान में लगातार हो रही वृद्धि ने सामान्य जनजीवन को प्रभावित किया है। मई की भीषण गर्मी के चलते लोग दोपहर के समय घरों में रहने को मजबूर हैं, जिससे व्यस्त सड़कों पर आवाजाही कम हो गई है।




जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. निलय जैन ने बताया कि जलवायु परिवर्तन का सीधा असर शरीर के मेटाबॉलिज्म पर पड़ रहा है। वर्तमान मौसम में तापमान बढ़ने से वायरस और बैक्टीरिया अधिक सक्रिय हो गए हैं, जो बीमारियों का मुख्य कारण बन रहे हैं। अस्पताल पहुंचने वाले अधिकांश मरीज सर्दी-खांसी, उल्टी-दस्त, वायरल फीवर और डायरिया से पीड़ित पाए जा रहे हैं। डॉ. जैन ने बताया कि कम रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले लोग मौसम के इस उतार-चढ़ाव की चपेट में जल्दी आ रहे हैं। बढ़ती बीमारियों को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों को धूप और लू से बचने के निर्देश दिए हैं। डॉक्टरों ने पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करने और स्वास्थ्य बिगड़ने पर तुरंत नजदीकी अस्पताल में संपर्क करने की सलाह दी है।

# कटे होंठ एवं फटे तालु के बच्चों के लिए विशेष शिविर का आयोजन आज

- **चयनित बच्चों की होगी नि:शुल्क सर्जरी, आने-जाने से लेकर भोजन एवं दवाइयों तक की रहेगी मुफ्त व्यवस्था**

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देशन एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय बालाघाट स्थित डीईआईसी (जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र) में 09 मई 2026, शनिवार को प्रात: 11 बजे से कटे होंठ एवं फटे तालु से पीड़ित बच्चों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर का उद्देश्य जन्मजात इस समस्या से पीड़ित बच्चों को नि:शुल्क उपचार एवं सर्जरी की सुविधा उपलब्ध कराना है। सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. निलय जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में ऐसे बच्चों की विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जांच की जाएगी, जो जन्म से कटे होंठ एवं फटे तालु की समस्या से पीड़ित हैं। जांच में ऑपरेशन के लिए फिट पाए जाने वाले बच्चों को उसी दिन इस्माइल ट्रेन फाउंडेशन के अंतर्गत चिन्हित अस्पताल दुबे सर्जिकल एंड डेंटल हॉस्पिटल, जबलपुर भेजा जाएगा जहां उनकी नि:शुल्क सर्जरी कराई जाएगी। उन्होंने बताया कि चयनित बच्चों के उपचार हेतु आने-जाने की सुविधा, भोजन, रहने की व्यवस्था, सर्जरी एवं दवाइयों की संपूर्ण व्यवस्था नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। यह पहल जरूरतमंद परिवारों के लिए अत्यंत लाभकारी साबित होगी तथा बच्चों को सामान्य जीवन जीने में मदद मिलेगी।



डॉ. निलय जैन ने जिले के आमजन से अपील की है कि जिन बच्चों को जन्मजात कटे होंठ एवं फटे तालु की समस्या है, वे इस विशेष शिविर में पहुंचकर लाभ उठाएं और अपने बच्चों का नि:शुल्क उपचार कराएं।

शिविर के सफल आयोजन की जिम्मेदारी जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक आरबीएसके श्री राजाराम चक्रवर्ती को सौंपी गई है। अधिक जानकारी एवं संपर्क हेतु इच्छुक व्यक्ति श्री राजाराम चक्रवर्ती, जिला शीघ्र हस्तक्षेप प्रबंधक, डीईआईसी जिला चिकित्सालय बालाघाट से मोबाइल नंबर 7999772423 पर संपर्क कर सकते हैं।

# माइंस में हैवी ब्लास्टिंग से घर में आयी दरारें

- **महिला ने दी हड़ताल की चेतावनी, अवैध उत्खनन बंद करने की मांग**

**नवभारत कटंगी 8 मई।** ग्राम हथौड़ा, तहसील तिरोड़ी निवासी कौशल्या राउत पति प्रहलाद राउत ने शकुंतला कासल माइंस द्वारा किए जा रहे अवैध उत्खनन के खिलाफ उपसंचालक, खनिज शाखा बालाघाट को आवेदन सौंपा है। आवेदिका ने कहा कि यदि माइन को बंद नहीं किया गया तो वे हड़ताल करेंगी। 05 मई को दिए आवेदन में कौशल्या राउत ने लिखा कि हैवी ब्लास्टिंग के कारण उनके घर की दीवारों में दरार आ चुकी है और घर कभी भी गिर सकता है, जिसकी जिम्मेदारी शकुंतला कासल माइंस की रहेगी।



आवेदिका के अनुसार जहरीली गैस और धूल के कारण उनका फेफड़ा खराब हो चुका है। थोड़ी सी छत गिरने से उनके पैर में चोट आ चुकी है और हाई ब्लड प्रेशर भी बढ़ गया है।

### अवैध उत्खनन बंद करने की गुहार

अंत में निवेदन किया गया है कि अवैध प्रकार से शकुंतला कासल माइंस उत्खनन बंद करने किया जाए। गौरतलब है कि ग्राम हथौड़ा में कौशल माइन के कारण पहले भी पेयजल संकट की शिकायतें सामने आ चुकी हैं। हैवी ब्लास्टिंग और अवैध खनन से ग्रामीणों के घरों और स्वास्थ्य पर लगातार असर पड़ रहा है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल जांच कर ठोस कार्रवाई की मांग की है।

# अवैध रेत परिवहन पर खनिज विभाग की कार्रवाई, ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

**नवभारत, बालाघाट।** जिले में खनिजों के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में दिनांक 7 मई 2026 को खनिज अमले द्वारा तहसील बालाघाट क्षेत्र में छापामार कार्रवाई करते हुए अवैध रेत परिवहन में संलिप्त एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया। कार्रवाई के दौरान प्रकाश लिल्हारे पिता राधेश्याम लिल्हारे, निवासी गायखुरी द्वारा रेत का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर पॉलिटेक्निक तिराहा के पास से ट्रैक्टर-ट्रॉली को जप्त किया गया।



उप संचालक खनिज सुश्री फरहत जहां ने बताया कि जप्त वाहन के विरुद्ध मध्य प्रदेश खनिज (अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। खनिज विभाग ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# धान और लाख चोरी के मामले में पांच गिरफ्तार

- **कटंगी पुलिस की बड़ी कार्रवाई, कोर्ट में पेश करने के बाद भेजे गए जेल, 4.36 लाख नगद समेत धान-लाख बरामद**

**नवभारत कटंगी 8 मई।** बालाघाट जिले के कटंगी थाना क्षेत्र में पिछले करीब 2 साल से किसानों के धान और व्यापारियों के गोदाम से लाख चोरी की घटनाएं सामने आ रही थीं। इन मामलों में कटंगी पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने धान और लाख चोरी के तीन अलग-अलग मामलों में पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर कटंगी न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

कटंगी पुलिस के अनुसार आरोपियों के कब्जे से 4,36,000 नगद के अलावा काफी मात्रा में धान और लाख बरामद किया गया है। दर्ज मामलों में धान चोरी के दो प्रकरण 2025 के हैं और लाख चोरी का एक मामला 2026 का है।

### एसडीओपी के निर्देशन में मिली सफलता

एसडीओपी के निर्देशन और थाना प्रभारी के नेतृत्व में कटंगी पुलिस ने यह कार्रवाई की है। लगातार हो रही चोरियों से क्षेत्र के किसान और व्यापारी परेशान थे। पुलिस ने शिकायतों पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोचा।

### ये हैं गिरफ्तार आरोपी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में जागेश्वर बघेल, शहजाद कुरैशी, राहुल विजय बुरे, अभय सहारे और बादल मेश्रामशामिह है। पांचों आरोपियों के खिलाफ कटंगी पुलिस ने अपराध दर्ज किया है। पुलिस आगे की जांच कर रही है। अन्य वारदातों में भी इनकी संलिप्तता की आशंका है।

# समर कैंप में नियमित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राएं

**नवभारत,जबलपुर।** हितकारिणी सभा विद्या परिषद् द्वारा आयोजित समर कैंप में छात्र-छात्राओं को नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है ।इस दौरान छात्रों का उत्साह देखते ही बन रहा है , विभिन्न खेलो में छात्र-छात्राएं प्रतिदिन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं ।गुरूवार को समर कैंप में छात्र-छात्राओं को रग्बी एवं कबड्डी का प्रशिक्षण प्रदान किया गया साथ ही साथ अन्य खेल भी सुचारू रूप से चल रहे हैं। रग्बी के प्रशिक्षक अजय नामदेव ने बताया कि जबलपुर में यह नया खेल है और छात्र बड़े उत्साह पूर्वक इस खेल में हिस्सा ले रहे हैं। वहीं कबड्डी के प्रशिक्षक शानू यादव ने बताया की प्रतिवर्ष हितकारिणी सभा के समर कैंप से कुछ बच्चे राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बनकर उभर रहे हैं।

## 1928 किसानों से 49 हजार 567 क्विंटल गेहूं की हुई खरीदी

**बालाघाट।** रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत जिले में कलेक्टर श्री मृणाल मीना के मार्गदर्शन में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन का कार्य किया जा रहा हैं। चालू सीजन में जिले के 1928 किसानों से 49 हजार 567 क्विंटल गेहूं की खरीदी की जा चुकी है। किसानों को 04 करोड़ 40 लाख रुपये से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है। जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आर के ठाकुर ने बताया कि बालाघाट जिले में किसानो से समर्थन मूल्य पर गेहूँ की खरीदी के लिए 13 केंद्र बनाये गए है। समर्थन मूल्य पर गेहूँ विक्रय के लिए जिले के 4388 किसानों ने अपना पंजीयन कराया है। इनमें से 2908 किसानों ने गेहूं विक्रय के लिए अपना स्लाट बुक करा चुके है। जिले के सभी 13 केंद्रो पर 15 अप्रैल 2026 से गेहूं की खरीदी प्रारंभ कर दी गई है। 08 मई तक जिले के 1928 किसानों से 13 करोड 01 लाख 13 हजार 375 रुपए के 49 हजार 567 क्विंटल गेहूँ की समर्थन मूल्य पर खरीदी की जा चुकी है। किसानों को अब तक 04 करोड 40 लाख रुपए से अधिक की राशि का भुगतान कर दिया गया है और यह राशि किसानों के बैंक खाते में पहुंच चुकी है।

# कलेक्टर ने की स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास संबंधी कार्यों की समीक्षा

**नवभारत, बालाघाट।** कलेक्टर मृणाल मीना 08 मई को स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य तथा बच्चों व महिलाओं से जुडी योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने दोनो विभागों के अधिकारियों को विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ भी उपस्थित थे।

बैठक में सर्वप्रथम स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा की गई। गर्भवती माताओं के एएनसी पंजीयन की समीक्षा के दौरान पाया गया कि विकासखंड बैहर की प्रगति संतोषजनक नही है। बीएमओ लामता एवं लालबर्रा के अंतर्गत एनीमिया से ग्रसित गर्भवती माताओं का चिन्हांकन लक्ष्य के अनुरूप नही हो रहा है। कलेक्टर श्री मीना ने सभी गर्भवती माताओं का अनमोल पोर्टल पर पंजीयन करने एवं उनकी नियमित एएनसी जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि कोई भी गर्भवती माता अनमोल पोर्टल पर पंजीयन से नही छुटना चाहिए। कुल पंजीकृत गर्भवती माताओं में




25 प्रतिशत एनीमिक पायी जाती है, ऐसी गर्भवती माताओं के सुरक्षित प्रसव का उचित प्रबंध सुनिश्चित किया जाए।

टीकाकरण कार्य की समीक्षा के दौरान कलेक?टर श्री मीना ने सभी गर्भवती माताओं एवं बच्चों का नियमित रूप से शत प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। उन्होंने टीकाकरण के लिए ब?लॉक स्तर पर टास्क फोर्स समिति की नियमित रूप से बैठक आयोजित करने के निर्देश दिये। जिला चिकित?सालय की नवजात शिशुओं के उपचार की एसएनसीयू के कार्यों की समीक्षा के दौरान इस ईकाई की व?यवस?थाओं को और बेहतर व उत्कृष?ट बनाने के निर्देश दिये गए। कलेक्टर श्री मीना ने कहा कि इस ईकाई में भर्ती होने वाले शिशुओ का उपचार शत प्रतिशत सफल होना चाहिए और यहॉ से शिशुओ को अन्य स्थान पर रेफर करने की आवश्यकता नही होना चाहिए। कलेक्टर मीना ने क्षय नियंत्रण कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान सभी खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस राष्ट्रीय कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए गंभीरता से कार्य करें।

क्षय रोगियों की पहचान कर उनका उपचार किया जाए और इसमें सामाजिक व जनभागीदारी सुनिश्चित की जाए। क्षय रोगियों के शीघ्र स्वस्थ होने के लिए उन्हें दवाओ के साथ फूड बास्केट का वितरण किया जाए और इसमें सामाजिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाए, जिससे जिला क्षय रोग से मुक्त हो सके। स्वास्थ्य कार्यक्रमों के क्रियान्वयन में संतोषजनक प्रगति नही पाये जाने पर कलेक्टर श्री मीना ने बिरसा एवं बैहर के खण्ड चिकित्सा अधिकारियों का 02 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी बीएमओ एवं बीपीएम को निर्देशित किया कि फिल्ड में काम करने वाले सभी एएनएम, सीएचओ एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की उपस्थिति सार्थक एप्प से दर्ज की जाए और इसी के आधार पर उनका वेतन आहरण किया जाए।

## अमित जायसवाल का आज बालाघाट आगमन

**नवभारत, बालाघाट।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3261 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे. अमित जायसवाल 09 मई 2026 को आधिकारिक प्रवास पर बालाघाट पहुंचेंगे। उनके आगमन को लेकर रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के सदस्यों में उत्साह एवं गौरव का वातावरण बना हुआ है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर का यह दौरा क्लब के लिए विशेष महत्व का माना जा रहा है, क्योंकि इस दौरान क्लब की वर्तमान सेवा गतिविधियों की समीक्षा के साथ भविष्य की सामाजिक एवं जनहितकारी परियोजनाओं पर व्यापक चर्चा की जाएगी।

अपने प्रवास के दौरान डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटे अमित जायसवाल रोटरी क्लब ऑफ़ बालाघाट रॉयल के अध्यक्ष, पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ विस्तृत बैठक करेंगे। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छ पेयजल, पर्यावरण संरक्षण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, रोग निवारण तथा सामुदायिक विकास के क्षेत्र में क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों एवं जनकल्याणकारी अभियानों की समीक्षा की जाएगी। साथ ही आगामी सत्र में समाजहित में और अधिक प्रभावी एवं स्थायी परियोजनाएं संचालित करने की रणनीति तैयार की जाएगी।

महासम्मेलन

प्रशिक्षण शिविरों के आयोजनों से ही बाबासाहब के संकल्प को पूरा कर सकते हैं : डॉ .चरनदास ढेंगरे

# द बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया का राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन लांजी में आयोजित

- **यह राज्य स्तरीय अधिवेशन धम्म क्रांति गतिमान करने में कारगर साबित होगा, जनगणना धर्म के कॉलम में बौद्ध हो लिखे**

**नवभारत, बालाघाट।** दि बुद्धिस्ट सोसायटी ऑफ इंडिया ( भारतीय बौद्ध महासभा ) की राष्ट्रीय पेट्रान - महाउपासिका मीराताई आम्बेडकर के निर्देशानुसार बालाघाट जिले की विभिन्न 10 तहसील/सर्कलमें 10 दिवसीय श्रामनेर -बोद्धाचार्य धम्म प्रशिक्षण शिविर,समता सैनिक दल का प्रशिक्षण शिविर एवं दस दिवसीय उपासिका धम्म प्रशिक्षण शिविरो के समापन अवसर पर बालाघाट जिले के लॉजी तहसील मुख्यालय में विशाल राज्य स्तरीय बौद्ध महासम्मेलन का आयोजन दिनांक 3 मई किया गया था।

इस अवसर पर समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.बोधिसत्व बाबा साहब आंबेडकर जी के नाती भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष,समता सैनिक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भीमराव य.आम्बेडकर साहेब के आगमन पर नागपुर हवाई अड्डे से लेकर जिले के रजेगांव ,देवगांव,किरनापुर,सेवती,भानेगां व,लांजी में भव्य स्वागत किया गया ,समारोह पर प्रमुख अतिथि के रूप में कैप्टन प्रवीण निखाड़े जी ट्रस्टी अंतरराष्ट्रीय सचिव,एडवोकेट डॉ.एवं जगदीश गवई सर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष,रामबचन जी पूर्व आयकर कमिश्नर , बी.एच.गायकवाड़ गुरूजी राष्ट्रीय सचिव मप्र के पालक मंत्री मुंबई,डॉ.चरनदास ढेंगरे प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय शिक्षक मप्र, आद.गौतम पाटिल सर राष्ट्रीय संघटक,सी.एल.बौद्ध राष्ट्रीय संगठक दतिया,इंजीनियर पद्माकर गणवीर राष्ट्रीय संगठक एवं भीमराव फूसे विदर्भ अध्यक्ष,आर. सी.दिवाकर प्रदेश अध्यक्ष (उत्तर)शिवपुरी,डॉ.उत्तम प्रधान प्रदेश महामंत्री इंदौर,बी.सी.सहारे प्रदेश कोषाध्यक्ष भोपाल,एड.रमेश लोखंडे प्रदेश सचिव छिंदवाड़ा,वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता सुश्री रेशम भोयर नागपुर ,संतोष गवले प्रदेश उपाध्यक्ष बूरहानपुर,हेमलता डोंगरे प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र,आर.के.गठाने प्रदेश सचिव ,राजकपूर कामड़े प्रदेश सचिव, जिले के वरिष्ठ संगठक पूरनलाल मेश्राम,के.के भालाधरे जिला सचिव ,कार्यक्रम् के अध्यक्ष प्रमोद कुमार भीमटे लांजी अध्यक्ष,स्वागत अध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम जिलाध्यक्ष बालाघाट,महेश चौबे खरगौन मंचासिन थे,देश,प्रदेश एवं जिले,हजारों पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपासक -उपासिकाए एवं भीम सैनिक समारोह में उपस्थित थे,समारोह का संचालन डॉ.उत्तम प्रधान महासचिव म.प्र., के.के. भालाधरे जिला सचिव बालाघाट द्वारा किया गया , समारोह की अध्यक्षता प्रमोद कुमार भिमटे तहसील अध्यक्ष ,स्वागत का कार्य अध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम द्वारा किया गया, सर्वप्रथम समता सैनिक दल जिला बटालियन ,लांजी बालाघाट द्वारा ट्रस्टी /राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष ,डॉ.भीमराव य.आम्बेडकर साहब को जनरल सलामी दी गयी ,तमाम अतिथियों के मंचासीन होने के पश्चात् तथागत भगवान बुद्ध एवं डॉ.आम्बेडकर के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गयी ,तदुउपरांत पूज्य भन्ते राहुल बोधी जी द्वारा सामुहिक बुद्ध वंदना करायी गयी ,तत्पश्चात् मंचासीन अतिथियों का स्वागत कराया गया ,इस अवसर पर बौद्ध महासम्मेलन को मुख्य अतिथि भारतीय बौद्ध महासभा के ट्रस्टी राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष भीमराव य.आम्बेडकर,कैप्टन प्रवीण निखाड़े ,ट्रस्टी डॉ.जगदीश गवई ,रामबचन ,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बी.एच.गायकवाड़ गुरूजी राष्ट्रीय सचिव ,गौतम पाटिल राष्ट्रीय संघटक ,सी.एल.बौद्ध राष्ट्रीय संघटक ,एड.रमेश लोखंडे प्रदेश सचिव, जिलाध्यक्ष अशोक कुमार मेश्राम ,वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता रेशम भोयर सहित कई पदाधिकारियों द्वारा संबोधित किया, अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष डॉ.भीमराव आम्बेडकर साहेब द्वारा कहा कि भारतीय बौद्ध महासभा का अधिवेशन धम्म क्रांति गतिमान करने में कारगर साबित होगा महाराष्ट्र मध्यप्रदेश में बौद्धों की संख्या करोड़ों में है ,देश में बौद्धों की संख्या शासन के रिकार्ड में दर्ज कराने हेतु जनगणना के दौरान धर्म के कॉलम में बौद्ध भाषा के कॉलम में पाली एवं जाति के कॉलम में अपनी जाति लिखने का आव्हान किया ताकि बौद्धों की सही जानकारी शासन प्रशासन को प्राप्त हो, देश में बौद्धो की संख्या बढ़ेगी तभी वोद्धगया का महाबोधी महाविहार अपने कब्जे में ले सकेंगे, जिसके लिये भारतीय बौद्ध महासभा का संघर्ष निरंतर जारी है ,हम महाबोधी महाविहार लेकर रहने का संकल्प लेते हैं ,देश की व्यवस्था पर बोलते हुये कहा डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर द्वारा हमें भारतीय संविधान में धार्मिक स्वतंत्रता को धर्म निरपेक्ष महत्व देते हुये सेक्युलर धर्म निरपेक्ष किया ,भगवान बुद्ध एवं बाबा साहब आम्बेडकर द्वारा समाज में बदलाव लाया जिसे धम्म क्रांति के रूप में माना जाता है ,कैप्टन प्रवीण निखाड़े द्वारा कहा कि डॉ.बाबा साहब आम्बेडकर संविधान निर्माता नहीं उच्च कोटि के विद्वान ,दर्शनिक इतिहासकार ,सांसद , वकील ,प्रवक्ता लेखक थे ,उनके द्वारा समाज समता स्वतंत्रता ,बधुत्वता व न्याय की प्रस्थापना की,महाबोधि विहार बौद्धों का हे उसे लेकर रहेंगे अध्यक्ष डॉ.चरनदास ढेगरे उद्बोधन में बताया कि संस्था के प्रशिक्षण शिविरों के आयोजन से ही बोधिसत्व डॉ.बाबासाहेब के सम्यक संकल्प को पूरा किया जा सकता है, डॉ जगदीश गवई जी द्वारा तथागत भगवान बुद्ध के बहुजन हिताय बहुजन सुखाय के संदेश को घर -घर पहुचाने की आवश्यकता बतायी।



# परसवाड़ा में रेंज ऑफिस की मांग ने पकड़ा जोर

### वन भूमि के अतिक्रमण पर लगाम की उम्मीद

**नवभारत, परसवाड़ा।** परसवाड़ा क्षेत्र में वन विभाग के पृथक रेंज कार्यालय की मांग अब लगातार तेज होती जा रही है। कुमनगांव, परसवाड़ा और बघोली परिक्षेत्र को मिलाकर नया रेंज कार्यालय खोले जाने की मांग को न केवल जनप्रतिनिधियों बल्कि आम ग्रामीणों का भी व्यापक समर्थन मिल रहा है। क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, विस्तृत वन क्षेत्र और बढ़ते कार्यभार को देखते हुए यह मांग अब जरूरत के रूप में सामने आ रही है।

ग्रामीणों के अनुसार पूर्व में बीजाटोला में वन विभाग का डिपो संचालित होता था, जिससे स्थानीय स्तर पर कार्यों का निराकरण हो जाता था। लेकिन डिपो हटने के बाद से वन प्रशासन की व्यवस्था बिखर गई है। वर्तमान में कुमनगांव क्षेत्र के लोगों को लामता रेंज और परसवाड़ा-बघोली क्षेत्र के लोगों को बैहर रेंज कार्यालय जाना पड़ता है। एक ही विकासखंड के ग्रामीणों को अलग-अलग स्थानों पर भटकना पड़ रहा है, जिससे समय, श्रम और आर्थिक संसाधनों की अनावश्यक बर्बादी हो रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि वन अधिकार, सीमांकन, अनुमति, वन उपज से जुड़े प्रकरण और अन्य विभागीय कार्यों के लिए उन्हें कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। अधिकारियों की समय पर उपलब्धता नहीं होने से छोटे-छोटे काम भी लंबित रह जाते हैं, जिससे आमजन में असंतोष बढ़ रहा है।

क्षेत्र में वन भूमि पर लगातार बढ़ रहे अवैध अतिक्रमण को लेकर भी लोगों ने गंभीर चिंता जताई है। जनप्रतिनिधियों ने इस मुद्दे को उठाते हुए विभाग का ध्यान आकर्षित किया है। उनका कहना है कि स्थानीय स्तर पर रेंज कार्यालय नहीं होने के कारण निगरानी कमजोर है, जिसका फायदा उठाकर वन भूमि पर कब्जे बढ़ रहे हैं। यदि परसवाड़ा में रेंज कार्यालय स्थापित किया जाता है तो ऐसे अतिक्रमण पर प्रभावी नियंत्रण संभव हो सकेगा।

नए रेंज कार्यालय की स्थापना से वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की क्षेत्र में स्थाई उपस्थिति सुनिश्चित होगी। इससे वन संरक्षण, वन्यजीव सुरक्षा, अवैध कटाई पर नियंत्रण और विभागीय निगरानी व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। साथ ही ग्रामीणों की शिकायतों का त्वरित निराकरण भी संभव हो सकेगा, जिससे विभाग और आमजन के बीच समन्वय बेहतर होगा।

इस मुद्दे को क्षेत्रीय विधायक मधु भगत ने बजट सत्र के दौरान मध्यप्रदेश विधानसभा में प्रमुखता से उठाया था। उन्होंने कहा कि परसवाड़ा मुख्यालय में रेंज कार्यालय नहीं होने से हजारों ग्रामीणों को दूरस्थ क्षेत्रों में जाना पड़ता है, जिससे विकास कार्यों की गति प्रभावित हो रही है।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा है कि कुमनगांव, परसवाड़ा और बघोली परिक्षेत्र को मिलाकर नया रेंज कार्यालय स्थापित किया जाना चाहिए। उनका मानना है कि इससे प्रशासनिक व्यवस्था में सुधार आएगा, कार्यों में पारदर्शिता बढ़ेगी और लोगों को अनावश्यक परेशानी से राहत मिलेगी।

जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और विधानसभा में उठे इस मुद्दे के बाद अब क्षेत्रवासियों की नजर सरकार के फैसले पर टिकी है। लोगों को उम्मीद है कि जल्द ही सकारात्मक निर्णय लेकर परसवाड़ा क्षेत्र को यह बहुप्रतीक्षित सुविधा दी जाएगी।

### सरकार से जल्द निर्णय की उम्मीद

विधायक मधु भगत ने सरकार से क्षेत्र की जरूरतों को देखते हुए शीघ्र निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि रेंज कार्यालय खुलने से न केवल प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ होगी, बल्कि वन संरक्षण और ग्रामीण विकास को भी गति मिलेगी।